अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/भण्डार/दीक्षान्त सामारोह/2019/07 रीवा, दिनांक : 09-01-19

सीमित निविदा

पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से विश्वविद्यालय के लिए स्वर्ण पदक निर्माण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से रुपये 10,000/- (रुपये दस हजार) मात्र अमानत राशि जो कुलसचिव, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के नाम से देय हो, संलग्न कर दरें आमंत्रित की जाती है। दरें दिनांक 18.01.2019 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से मुहरबंद (चपड़े से सील) आमंत्रित की जाती है। विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने वाले लिफाफे के ऊपर **"स्वर्ण पदक निर्माण हेतु दरें"** अनिवार्यतः स्पष्ट शब्दों में अंकित करें।

स्वर्ण पदक 16 ग्राम शुद्ध चाँदी पर एक ग्राम स्वर्ण पालिस 1½ इंच व्यास पर निर्मित करना होगा। पदक पर विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया विवरण अंकित करना होगा। किसी दर को मान्य या अमान्य करने का अधिकार कुलसचिव को होगा तथा विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कुलपति का मान्य होगा। दरों के साथ फर्म का जीएसटी नं. एवं पैन नं. तथा अमानत राशि का ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त के अभाव में दरों पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाएं क्रय समिति के समक्ष निविदाकर्ता की उपस्थिति में दिनांक 18.01.2019 को ही खोली जावेगी।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ –

1. मे. .... को सूचना इस आशय के साथ प्रेषित है कि दर संबंधी शील बन्द लिफाफा दिनांक 18.01.2019 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से अनिवार्यतः प्रशासन विभाग को प्राप्त हो जाय।
2. प्रशासन विभाग को इस आशाय के साथ सूचना प्रेषित है कि स्वर्ण पदक निर्माण हेतु पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से प्राप्त दरें दिनांक 18.01.2019 को सायं 5.00 बजे तक ही प्राप्त करें।
3. विभागाध्यक्ष, गोपनीय विभाग।
4. विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट आफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय, रीवा की ओर भेजकर अनुरोध है कि उपर्युक्तानुसार सीमित निविदा विश्वविद्यालय के वेबसाइट में प्रदर्शन हेतु उपलब्ध करायें।
5. कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।
6. विश्वविद्यालय सूचना पटल।

उप कुलसचिव (भण्डार)